राजकीय ई–मेल

आज़ादी का अमृत महोत्सव **कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर**

क्रमांक : एफ 6 (64) 2022 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं / दिनांक :

निमित्त,

समस्त वनाधिकारीगण।

विषयः– वन कर्मियों के कार्य बहिष्कार / आंदोलन अवधि के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के पत्रांक एफ 6 (64) 2022 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं / 324–425 दिनांक 17.02.2023 द्वारा समस्त वनाधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियो का कार्य बहिष्कार / हड़ताल अवधि (दिनांक 06.02.2023 से 11.02.2023) का नियमानुसार अवकाश स्वीकृत करने निर्देश प्रदान किए गए थे।

वित्त विभाग के द्वारा उक्त प्रकरण में टिप्पणी प्रदान की गई है कि "वित्त (नियम) विभाग के आदेश क्रमांक प. 1(1)वित्त / ग्रुप–2 / 89 दिनांक 14.03.2022 के प्रावधान में शिथिलता प्रदान करते हुए वन विभाग के कार्मिकों को दिनांक 06.02.2023 से 11.02.2023 तक कार्य बहिष्कार / आंदोलन अवधि का उपार्जित अवकाश स्वीकृत कर नियमित किए जाने की सहमति प्रदान की जाती है। "

अतः समस्त नियन्त्रण अधिकारी उपरोक्त वित्त विभाग की टिप्पणी के अनुसार अधीनस्थ कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार / आंदोलन अवधि दिनांक 06.02.2023 से 11.02.2023 के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करावे।

भवदीय,

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ 6 (64) 2022 / कार्मिक–विविध / प्रमुवसं / 2069 दिनांक : 07/6/23

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।

उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान जयपुर

Signature valid

Digitally signed by Brij Mohan Gupta
Designation : Deputy Conservator Of Forest
Date: 2023.06.07 12:45:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3994583